https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --610/2025
19 दिसंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज बैंक ऑफ़ इंडिया के जीएम श्री गुरु प्रसाद गौंड, जीएम श्री दीप शेखर और एजीएम श्री अजय पांडेय ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर राज्य कर्मियों के लिए गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर राज्य सरकार के साथ 23 दिसंबर 2025 को होने वाले एमओयू से संबंधित जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य कर्मियों को बेहतर माहौल में कार्य करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और सहूलियत प्रदान कर रही हैं। इसी कड़ी में राज्य कर्मियों और उनके परिजनों के सुरक्षित जीवन के लिए बैंकों के साथ सैलरी पैकेज जैसी योजना को लागू कर रही है। विदित हो कि राज्य सरकार और बैंक ऑफ़ इंडिया के बीच गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर एमओयू होना है।

इस गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के तहत जिन राज्य कर्मियों , अवकाश प्राप्त कर्मियों तथा अनुबंध कर्मियों का सैलरी अकाउंट बैंक ऑफ़ इंडिया में होगा उन्हें दुर्घटना बीमा समेत विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा।
============#Team PRD(CMO)